आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 18.02.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।
- केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– भारत वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश में खेल आयोजन गांव, न्याय पंचायतों और दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को पहचान देने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं।
- देहरादून स्थित जिला और सत्र न्यायाधीश कार्यालय में बम की सूचना के बाद पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई।
- और, टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारत आज शाम अहमदाबाद में नीदरलैंड्स से मुकाबला करेगा।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें की। प्रधानमंत्री ने आज सुबह हैदराबाद हाउस में स्पेन के राष्ट्रपति पेद्रो सांचेज़ से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने भारत–स्पेन के बीच रक्षा, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों सहित दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के प्रधानमंत्री आंत्ति पेत्तेरी ओर्पो से भी बातचीत की। उन्होंने एआई के क्षेत्र में उभरते नवाचारक के रूप में फिनलैंड के प्रयासों की प्रशंसा की।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए एआई पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के तीसरे दिन एक अनुसंधान संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि खेल आयोजन आज प्रदेश के गांव–गांव, न्याय पंचायतों और दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को पहचान देने का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। मुख्यमंत्री ने आज देहरादून में आयोजित मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी के समापन समारोह में कहा कि डबल इंजन सरकार में नई खेल नीति लागू की है, ताकि प्रत्येक खिलाड़ी को उसका उचित अवसर मिल सके।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक खेलों के मद्देनज़र इस प्रकार के आयोजन खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

"नयार वैली एडवेंचर फेस्टिवल"

पौड़ी जिले के बिलखेत में 26 से 28 फरवरी तक "नयार वैली एडवेंचर फेस्टिवल" का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय साहसिक उत्सव का आयोजन जिला प्रशासन, पौड़ी गढ़वाल जिला और उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ स्थानीय संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक पर्यटकों और साहसिक खेल प्रेमियों से इस उत्सव में भागीदारी की अपील की है।

बम की सूचना

नैनीताल, उत्तरकाशी और हरिद्वार जिले के बाद आज देहरादून स्थित जिला व सत्र न्यायाधीश कार्यालय में बम की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया और एहतियातन पूरे परिसर को खाली करा लिया गया। मौके पर बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और क्यूआरटी की टीमों को तैनात कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बताया कि पिछले तीन दिनों से ईमेल के माध्यम से बम की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सूचना भेजने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

टिकट बुकिंग

गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक प्रतीक जैन ने कहा है कि आईआरसीटीसी के माध्यम से हेली टिकट बुकिंग की व्यवस्था पारदर्शी और सुरक्षित प्रणाली है।

उन्होंने बताया कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए श्रद्धालु घर बैठे ही आसानी से हेली सेवाओं के टिकट बुक कर पा रहे हैं। इससे लंबी कतारों और बिचौलियों की समस्या में कमी आई है।

निदेशक ने स्पष्ट किया कि आईआरसीटीसी की ऑनलाइन प्रणाली से टिकट आवंटन प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित हुई है। इससे यात्रियों के समय की बचत हो रही है और भुगतान प्रक्रिया भी सुरक्षित बनी है।

उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे केवल अधिकृत पोर्टल के माध्यम से ही टिकट बुक करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों तथा अनधिकृत एजेंटों से सावधान रहें।

मॉकड्रिल

आगामी ग्रीष्मकालीन फॉरेस्ट फायर सीजन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आज वनाग्नि की संभावित घटनाओं की रोकथाम और त्वरित नियंत्रण के लिए व्यापक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों में आयोजित इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की तैयारियों का परीक्षण करना रहा।

चंपावत जिले से मॉकड्रिल के प्रभारी अधिकारी हिमालय सिंह टोलिया ने बताया कि इस दौरान संबंधित विभागों द्वारा वनाग्नि से निपटने की तैयारियों का परीक्षण किया गया।

टी20 क्रिकेट विश्व कप

आईसीसी पुरूष टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप–ए में आज अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मौजूदा चौम्पियन भारत और नीदरलैंड का मुकाबला होगा। यह मैच शाम सात बजे से खेला जाएगा।